भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1636
11 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

हरियाणा में एस.सी.एम.

1636. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा में स्मार्ट सिटी मिशन (एस.सी.एम.) के अंतर्गत परियोजनाओं पर अब तक कितनी राशि खर्च की गई है और किन शीर्षों के अंतर्गत उक्त राशि खर्च की गई है;

(ख) हरियाणा में एस.सी.एम. के अंतर्गत कितनी परियोजनाएं पूरी की गई हैं; और

(ग) किए गए सभी स्मार्ट सिटी कार्यों की स्थिति रिपोर्ट क्या है और उक्त कार्य को पूरा करने के हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): हरियाणा राज्य में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए फरीदाबाद और करनाल को चुना गया है। इन स्मार्ट शहरों को जारी किए गए और इनके द्वारा उपयोग किए गए केन्द्रीय हिस्से का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़. रुपये में)

स्मार्ट सिटी और चयन का चरण	जारी केन्द्रीय हिस्सा		उपयोग किया गया केन्द्रीय हिस्सा	
	परियोजना धनराशि	प्रशासनिक एवं कार्यालय खर्च (ए व ओई)	परियोजना धनराशि	ए व ओई
फरीदाबाद (फास्ट ट्रैक चरण-मई 2016)	279	15	248.45	13.99
करनाल (चरण -3- जून, 2017)	118	10	50.00	10.00
कुल	397	25	298.45	23.99

(22.1.2021 की स्थिति के अनुसार)

(ख) और (ग): हरियाणा राज्य में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है:

(करोड़. रुपये में)

स्मार्ट सिटी	जारी की गई निविदाएं		जारी किए गए कार्य आदेश		पूर्ण हुए कार्य		कुल परियोजनाएं	धनराशि
	परियोजनाओं की संख्या	धनराशि	परियोजनाओं की संख्या	धनराशि	परियोजनाओं की संख्या	धनराशि		
फरीदाबाद	3	33.1	13	435.8	4	162.3	20	631.3
करनाल	12	474.1	15	166.0	6	16.3	33	654.5
	15	507.2	28	601.8	10	178.6	53	1,285.7

(22.1.2021 की स्थिति के अनुसार)

****